श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार को बंधाया ढाढस



शिवराज की माताजी के त्रयोदशी संस्कार में पहुँचे राजनाथ व योगी सहित अनेक दिग्गज नेता

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माताजी स्वर्गीय काशीबाई की स्मृति में गुरुवार को त्रयोदशी एवं गंगाजली पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश और प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं ने पहुंचकर दिवंगत काशीबाई को श्रद्धासुमन अर्पित किए और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।

श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भोपाल पहुंचे। इनके अलावा छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि शिवराज सिंह चौहान की माताजी काशीबाई का 30 अक्टूबर 2026 को भोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में उपचार के दौरान निधन हो गया था।







वीवीआईपी मूवमेंट से सड़कों पर लगा जाम 10 प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रभावित

- नेताओं के काफिले निकालने के लिए 5 से 8 मिनट तक रोका गया ट्रैफिक
- रास्ते खुलने के बाद भी वाहन रेंगते रहे

नप्र, भोपाल : राजधानी में गुरुवार को वीवीआईपी मूवमेंट के चलते यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मां काशीबाई की त्रयोदशी और शांति भोज में शामिल होने के लिए देशभर से प्रमुख नेताओं के भोपाल पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। इसके चलते शहर के करीब 10 प्रमुख स्थानों पर रुक-रुककर जाम की स्थिति बनी रही। वीवीआईपी काफिलों को निकालने के लिए कई मार्गों पर 5 से 8 मिनट तक वाहनों की आवाजाही रोकी गई। इससे सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। काफिले गुजरने के बाद भी यातायात सामान्य होने में कई मिनट लग रहे थे। एयरपोर्ट रोड, लालघाटी, वीआईपी रोड, मोती मस्जिद से कमला पार्क मार्ग, पॉलिटेक्निक चौराहा और बीयू से मिसरोद जाने वाली सड़क पर सबसे ज्यादा असर दिखाई दिया। पुराने भोपाल में मोती मस्जिद से कमला पार्क जाने वाले मार्ग पर कुछ वाहन चालकों ने गलत दिशा से निकलने का प्रयास किया, जिससे जाम की स्थिति और बिगड़ गई।

रकम चुकाए बिना गिरवी रखी गाड़ी उठा ली, रुपये मांगे तो पेट में घोंप दिया चाकू

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः हनुमानगंज थाना इलाके में एक युवक ने दोस्त के पास दोपहिया वाहन गिरवी रख रुपये लिए थे। कुछ ही दिन बाद उसने बिना रकम चुकाए गाड़ी उठा ली। दोस्त ने जब रुपये वापस करने की बात की तो युवक ने उसके पेट में चाकू घोंपकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने जानलेवा हमला करने का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

हनुमानगंज थाने के एसआई रामसजीवन वर्मा ने बताया कि दुलीचंद का बाग में रहने वाला 19 वर्षीय समीर रेलवे के पार्सल आफिस का काम करता है। सुंदर नगर निवासी 27 वर्षीय अभय अहिरवार से उसकी दोस्ती थी। कुछ समय पहले रुपयों की जरूरत पड़ने पर अभय ने अपना दोपहिया वाहन समीर के पास 28 हजार रुपये में गिरवी रखा था। कुछ दिन बाद ही बिना रुपये अदा किए अभय ने अपनी गाड़ी वापस ले ली।

समीर लगातार रुपयों की मांग कर रहा था। इसी मुद्दे पर बुधवार रात 10:30 बजे छोला रोड पर समीर का अभय से विवाद होने लगा। इस पर अभय ने समीर के पेट में चाकू घोंप दिया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभय को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ पूर्व से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

धक्का लगने की बात पर जान लेवा हमला

बैरागढ़ थाने के एसआई कन्हैयालाल यादव ने बताया कि इंद्रा नगर में मछली मार्केट के पास रहने वाला रोहित चंदेल नाम का युवक पानी के कैंपर वितरित करने का काम करता है। बुधवार रात लगभग 10 बजे रोहित कुम्हार मोहल्ले से पैदल गुजर रहा था, तभी उसके पास पैदल चल रहे विजय बंजारा को उसे दो बाद धक्का लग गया। इस पर रोहित ने उसे देखकर चलने की नसीहत दी। यह सुनते ही विजय ने चाकू निकालकर रोहित पर कई वार कर दिए और वहां से भाग गया। रोहित की शिकायत पर विजय के खिलाफ प्राणघातक हमला करने का अपराध दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

रिफंड के नाम पर साइबर ठगी फोन-पे पर कोड डलवाकर खाते से उड़ाए 35 हजार

नप्र, भोपाल : राजधानी में ऑनलाइन खरीदारी के बाद रिफंड लेने के लिए कस्टमर केयर से संपर्क करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। खुद को अमेजन कस्टमर केयर का कर्मचारी बताने वाले साइबर ठग ने फोन-पे के माध्यम से उनके बैंक खातों से 35 हजार 417 रुपये निकाल लिए। आरोपी ने पहले बैंक खाते में समस्या होने की बात कही और फिर व्हाट्सएप पर संपर्क कर फोन-पे में कोड दर्ज करवाए। मामले में पुलिस ने गुरुवार को अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, ऐशबाग के सुदामा नगर निवासी दिलशाद खान ने ऑनलाइन सामान मंगवाया था। उत्पाद वापस करने के बाद भी उन्हें रिफंड नहीं मिला। इस पर उन्होंने डिलीवरी कर्मचारी से संपर्क किया। उसने गूगल पर अमेजन कस्टमर केयर का नंबर खोजकर शिकायत करने की सलाह दी। इसके बाद दिलशाद ने मिले हुए नंबर पर फोन किया। फोन उठाने वाले व्यक्ति ने बैंक खाते में समस्या बताकर दूसरा खाता देने को कहा। कुछ देर बाद उसने व्हाट्सएप पर संपर्क किया और फोन-पे में अपने बताए अनुसार कोड दर्ज करने के लिए कहा। कोड डालते ही उनके खातों से रुपये निकलने लगे। आरोपी ने बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से 3,458 रुपये और आईडीबीआई बैंक के खाते से दो बार में 3,458 तथा 28,501 रुपये निकाल लिए। तीन लेनदेन में कुल 35,417 रुपये की ठगी हुई। बैंक से संदेश मिलने पर दिलशाद को धोखाधड़ी का पता चला।

अमिताभ बच्चन की सास इंदिरा भादुड़ी अस्पताल में भर्ती

पारुल अस्पताल में चल रहा इलाज

नप्र, भोपाल : दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन की सास और अभिनेत्री जया बच्चन की मां इंदिरा भादुड़ी की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें भोपाल के पारुल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 95 वर्षीय इंदिरा भादुड़ी को एलर्जी से संबंधित परेशानी है। फिलहाल उनके स्वास्थ्य में सुधार बताया जा रहा है। परिवार के सदस्य लगातार उनकी सेहत पर नजर रख रहे हैं।

डॉक्टर उनकी स्थिति और स्वास्थ्य में हो रहे सुधार के आधार पर आगे के उपचार का निर्णय ले रहे हैं। अस्पताल से छुट्टी मिलने को लेकर फिलहाल कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। इंदिरा भादुड़ी भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित अंसल अपार्टमेंट में रहती हैं। उनके पति तरुण कुमार भादुड़ी पत्रकार और लेखक थे। जया बच्चन उनकी तीन बेटियों में सबसे बड़ी हैं। उनकी दोनों अन्य बेटियां भी भोपाल में रहती हैं। बच्चन परिवार का भोपाल से पुराना जुड़ाव रहा है। अमिताभ बच्चन फरवरी 2020 में अपनी सास इंदिरा भादुड़ी का 90वां जन्मदिन मनाने परिवार के साथ भोपाल आए थे। उनके साथ जया बच्चन, अभिषेक बच्चन, ऐश्वर्या राय बच्चन, श्वेता नंदा और आराध्या भी मौजूद थीं।

हाईकोर्ट बेंच की मांग तेज, केंद्रीय राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

- जिला अभिभाषक संघ ने उठाई राजधानी में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने की मांग
- लाखों पक्षकारों को जबलपुर जाने से मिलेगी राहत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने की मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ ने केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू को ज्ञापन सौंपकर भोपाल में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल पहले केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम



मेघवाल को ज्ञापन देने पहुंचा था, लेकिन व्यस्तता के कारण उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने राज्यमंत्री तोखन साहू से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। मंत्री ने आश्वासन दिया कि वे इस मांग को केंद्रीय कानून मंत्री तक पहुंचाकर आवश्यक कार्रवाई का प्रयास करेंगे। जिला अभिभाषक संघ का कहना है कि भोपाल संभाग के लाखों पक्षकारों और अधिवक्ताओं को न्यायिक कार्यों के लिए जबलपुर जाना पड़ता है। इससे उनका समय और धन दोनों खर्च होते हैं। भोपाल प्रदेश की राजधानी होने के साथ भौगोलिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित है। ऐसे में यहां हाईकोर्ट बेंच की स्थापना न्यायसंगत होगी।

प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष सिद्धार्थ त्रिलोक त्यागी, महिला उपाध्यक्ष मीरा चरार, सचिव मुकेश नागपुरे, सह-सचिव बारिज गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनिता पाराशर, पुस्तकालय अध्यक्ष प्रतीक जैन सहित वरिष्ठ अधिवक्ता एचएल झा, हरीश मेहता, मनोज शाही और यतेन्द्र पाराशर मौजूद रहे।

आटो चालक से उधारी के डेढ़ हजार लेना थे, जान ही ले ली

- दीपावली की रात किया था जानलेवा हमला, अस्पताल में मौत
- अनाथ हुए दो मासूम, आरोपी गिरफ्तार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शाहजहांनाबाद थाना इलाके के संजय नगर में रहने वाले आटो चालक राजेश को 1500 रुपये की उधारी ना चुकाने पर जान गंवाना पड़ी। लेनदार अमीन उर्फ शोएब ने दीपावली की रात रुपये के विवाद पर राजेश पर लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ वार कर दिए थे। तभी से अस्पताल में राजेश ने गुरुवार सुबह दम तोड़ दिया। राजेश की पत्नी की आठ वर्ष पहले आग से जलने के कारण मौत हो गई। राजेश की मौत के बाद उसके दो बच्चे अब अनाथ हो गए। इस मामले में पुलिस ने आरोपी अमीन को गिरफ्तार कर लिया है।

शाहजहांनाबाद थाना पुलिस के अनुसार संजय नगर में पानी की टंकी के पास रहने वाला 38 वर्षीय राजेश पुत्र सत्यनारायण यादव अपने दो बच्चों के साथ रहता था। पेशे से आटो चालक राजेश की पत्नी की पूर्व में मौत हो चुकी थी। कुछ समय पहले जरूरत पड़ने पर राजेश ने मोहल्ले में रहने वाले पेंटर अमीन उर्फ शोएब से दो हजार रुपये उधार लिए थे। उसमें से वह पांच सौ रुपये वापस भी कर चुका था। बचे 1500 रुपये अमीन वापस मांग रहा था। दीपावली की रात में राजेश के बच्चे त्योहार मनाने पास में रहने वाली अपनी नानी के घर चले गए थे। राजेश घर में अकेला था। देर रात अमीन, राजेश के घर पहुंचा और उधारी के रुपये वापस मांगे। राजेश ने रुपये नहीं होने की मजबूरी बताई तो गुस्से में अमीन ने लोहे की रॉड से राजेश के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए।

घटना की सूचना मिलने पर राजेश का बड़ा भाई ओर भतीजा मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल राजेश को अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान गुरुवार सुबह राजेश की मौत हो गई। पुलिस ने हत्या के आरोप में अमीन को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

गाँव से दीपावली मनाकर लौटी माँ, बेटा फाँसी पर लटका मिला

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अवधपुरी क्षेत्र में किराए के मकान में रहने वाले युवक ने घर में फांसी लगा ली। घटना के समय उसकी मां और बड़ा भाई दीपावली मनाने के लिए रायसेन में अपने पैतृक निवास पर गए थे। तलाशी में कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने से फिलहाल खुदकुशी की वजह पता नहीं चल सकी है।

अवधपुरी थाना पुलिस के मुताबिक मूलतः आमखो, जिला रायसेन निवासी 18 वर्षीय अंकित अहिरवार प्रगति नगर में अपनी मां और बड़े भाई के साथ किराए के मकान में रहता था। मां लोगों के घरों में काम करती है, जबकि बड़ा भाई भेल में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता है। अंकित भी एक फर्नीचर की दुकान पर काम करता था। दीपावली के एक दिन पहले उसकी मां और भाई दीपावली मनाने रायसेन में अपने गांव चले गए थे। यहां अंकित घर में अकेला था। बुधवार दोपहर को अंकित से उसकी मां ने फोन पर बात भी की थी। बुधवार देर रात मां अपने बड़े बेटे के साथ घर पहुंची, तो काफी आवाज देने के बाद भी अंकित ने दरवाजा नहीं खोला। वे लोग किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे तो अंकित को फांसी पर लटके देखा। उसने पंखे से दुपट्टा बांधकर फंदा लगा लिया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भोपाल को स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंक नहीं मिलने पर कांग्रेस का प्रदर्शन



- नगर निगम मुख्यालय पहुंचे कार्यकर्ता महापौर को भेंट करने लाए बेशरम के पौधे

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः स्वच्छ सर्वेक्षण में इस बार राजधानी भोपाल को कोई रैंक नहीं मिलने के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता महापौर को भेंट करने के लिए बेशरम के पौधे लेकर पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें निगम कार्यालय के अंदर जाने से रोक दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने मुख्य द्वार पर ही बेशर्म के फूलों का गुलदस्ता बनाकर लटका दिया। करीब एक घंटे तक विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप मोनू सक्सेना के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल उठाए। सक्सेना ने कहा कि पिछले सर्वेक्षण में भोपाल देश के सबसे स्वच्छ शहरों में दूसरे स्थान पर था। इस बार शहर को कोई रैंक नहीं मिलना शर्मनाक है। उन्होंने आरोप लगाया कि आदमपुर छावनी में कचरे का पहाड़ खड़ा होने के कारण शहर की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हुई है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आदमपुर में करीब पांच लाख टन पुराना कचरा जमा है। इसके निपटान का मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। प्रदर्शनकारियों ने घोषणा की कि शुक्रवार को वे महापौर निवास पहुंचकर पौधों का गुलदस्ता भेंट करेंगे।

फेसबुक पर दोस्ती, होटल में बुलाकर किया दुष्कर्म

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः परवलिया सड़क थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके दोस्त के खिलाफ दुष्कर्म और धमकी देने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। परवलिया सड़क थाना पुलिस के मुताबिक तलैया थाना क्षेत्र में रहने वाली 45 वर्षीय महिला ने गुरुवार को शिकायत दर्ज कराई है। उसमें बताया कि कुछ समय पहले फेस बुक के माध्यम से उसका परिचय करोंद क्षेत्र में रहने वाले गौतम तिवारी नाम के व्यक्ति से हुआ था। बाद में उनके बीच फोन पर भी बातचीत होने लगी। महिला का आरोप है कि बुधवार सुबह गौतम ने मिलने के बहाने से उसे परवलिया सड़क बायपास रोड की एक होटल में बुलाया था। वहां उसने डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और घटना के बारे में किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी प्रापर्टी डीलिंग का काम करता है।

मेले में गया था परिवार, युवक ने फांसी लगा ली

गुनगा थाना इलाके में रहने वाले एक युवक ने गुरुवार दोपहर के समय घर में फांसी लगा ली। घटना के समय परिवार के लोग देव की बरखेड़ी में लगे मेले में गए थे। जब वे वापस लौटे तो घटना का पता चला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुनगा थाना प्रभारी रिंकू जाटव ने बताया कि ग्राम रतुआ रतनपुर निवासी 28 वर्षीय फूलसिंह पुत्र नारायण नाथ खेतों में मजदूरी करता था। परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे भी हैं। उसके पिता और भाई भी घर के आसपास ही रहते हैं। गुरुवार को पत्नी, बच्चे और परिवार के अन्य सदस्य देव की बरखेड़ी में लगे मेले में घूमने गए थे। दोपहर करीब तीन बजे बच्चे वापस घर लौटे तो फूलसिंह को फांसी पर लटके देखा। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लिया। खुदकुशी की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

नहाय-खाय के साथ आज से शुरू होगा चार दिवसीय छठ महापर्व



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के के लिए बिहार सांस्कृतिक परिषद द्वारा सरस्वती देवी मंदिर छठ घाट, बरखेड़ा, तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यहां पांचों छठ कुंड तैयार हो चुके हैं। शुक्रवार से छठव्रती नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय कठिन व्रत का शुभारंभ करेंगे। उधर भोजपुरी एकता मंच के तत्वावधान में कमला पार्क के शीतल दास की बगिया स्थित छठ घाट पर पूजन की तैयारी पूरी कर ली गई है।

बिहार सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार ने बताया कि नहाय-खाय के दिन व्रती स्नान, पूजा, हवन एवं ध्यान के उपरांत लौकी-भात (चावल), चना दाल, सूरन की सब्जी एवं भजिया आदि सात्विक पकवान तैयार कर भगवान को भोग अर्पित करेंगे। महापर्व छठ पूजा के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए व्रतियों को बैठने, पूजा की वेदी बनाने, डलिया एवं सूप रखने तथा पूजा-अर्चना करने हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया जा रहा है। लगभग ढाई हजार परिवार पांचों कुंडों के चारों ओर पूजा-अर्चना के लिए अपनी बैठक व्यवस्था सुनिश्चित कर चुके हैं।

छठ महापर्व का चार दिवसीय कार्यक्रम

- **13 नवंबर, शुक्रवारः** नहाय-खाय के साथ महापर्व का शुभारंभ।
- **14 नवंबर, शनिवारः** दूसरे दिन खरना (लोहंडा)।
- **15 नवंबर, रविवारः** तीसरे दिन सायंकाल अस्ताचलगामी सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा।
- **16 नवंबर, सोमवारः** चौथे दिन प्रातःकाल उदयाचलगामी सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित कर व्रती विधिवत पारण करेंगे।

आकर्षक विद्युत सजावट एवं विशेष सुविधाओं से सुसज्जित होगा छठ घाटः छठ पूजा के अवसर पर सरस्वती मंदिर छठ घाट के सभी पूजा कुंडों को आकर्षक सजावट, रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी एवं छठी मइया की मनमोहक प्रतिमाओं से सुसज्जित किया जाएगा।

देउसी भैलो कार्यक्रम में दिखी सांस्कृतिक विरासत की झलक



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के तुलसी नगर स्थित नर्मदीय भवन में नेपाली समाज भारत संगठन की ओर से देउसी भैलो कार्यक्रम आयोजित किया गया। रविवार शाम हुए इस आयोजन में शहर में रहने वाले नेपाली समाज के सैकड़ों महिला और पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम में बाल कलाकारों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम में दीपावली के अवसर पर नेपाल में घर-घर जाकर आयोजित की जाने वाली देउसी भैलो परंपरा का जीवंत प्रस्तुतिकरण किया गया। आयोजन का उद्देश्य प्रवासी नेपाली समाज को अपनी संस्कृति, परंपराओं और त्योहारों से जोड़े रखना था।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि विदेश में रहते हुए अपनी संस्कृति और परंपराओं को सुरक्षित रखना प्रत्येक प्रवासी की जिम्मेदारी है। राजधानी में रहने वाले नेपाली नागरिकों के लिए सामूहिक रूप से अपने पारंपरिक त्योहार मनाने का यह आयोजन एक महत्वपूर्ण अवसर रहा।

इस दौरान नेपाल की सुख-समृद्धि और प्रगति के लिए भी प्रार्थना की गई। संगठन की ओर से बताया गया कि कार्यक्रम में एकत्रित चंदे की राशि भोटेकोशी आपदा से प्रभावित लोगों और स्कूली बच्चों की सहायता के लिए दान की जाएगी।